# एक दिवसीय किसान प्रक्षेत्र दिवस

दिनांक 26 जुलाई 2025 को चूरू जिले के राजियासर गाँव में एक दिवसीय किसान प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भा कृ अनु प –के मा शि सं , रोहतक केंद्र के अधिकारीगण, जिनमें डॉ. एम. ए. पठान (वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी अधिकारी), डॉ. श्रीधरन के. (वैज्ञानिक) और श्री अशोक कुमार (मुख्य तकनीकी अधिकारी) उपस्थित थे। श्री मोहम्मद इरशाद खान, सहायक निदेशक, मत्स्य पालन, राजस्थान सरकार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। किसानों के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें किसानों ने झींगा पालन गतिविधियों के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। अंतर्देशीय लवण प्रभावित क्षेत्रों में झींगा पालन को बढ़ावा देने में भा कृ अनु प –के मा शि सं , रोहतक केंद्र की भूमिका की किसानों ने सराहना की। कार्यक्रम में कुल 31 किसानों ने भाग लिया। बैठक के बाद, पास के झींगा फार्म का भी दौरा किया गया। बैठक अत्यधिक संवादात्मक रही और केंद्र के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जब भी आवश्यक हो, किसानों को विभिन्न खेती और रोग संबंधी पहलुओं पर तकनीकी मार्गदर्शन जारी रखा जाएगा।

